**भोपाल (मध्य प्रदेश) में "पशु रोग उच्च सुरक्षा प्रयोगशाला" का स्थापित किया जाना**

2426. **श्री शिवप्रसाद चनपुरिया :** क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार चौदह करोड़ रुपए की लागत से मध्य प्रदेश के भोपाल में एक "पशु रोग उच्च सुरक्षा प्रयोगशाला" स्थापित करने का विचार रखती है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि राज्य सरकार ने इस प्रयोजनार्थ केन्द्रीय सरकार को हलाई खेड़ा में 13489 एकड़ भूमि प्रदान की है; और

(ग) यदि हां, तो उक्त प्रयोगशाला का निर्माण कार्य कब तक शुरू कर दिया जायेगा ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. लेंका) :**

(क) जी हां ।

(ख) जी हां ।

(ग) प्रयोगशाला के निर्माण का कार्य पहले ही अप्रैल, 1991 में शुरू कर दिया गया है ।

**प्रतिरक्षण टीका कार्यक्रम के अंतर्गत पशुपालकों को अनुदान**

2427. **श्री शिवप्रसाद चनपुरिया :** क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार, पशुओं में "मुंहखुरी" (दांत संबंधी) बीमारी की रोकथाम करने के लिए प्रतिरक्षण टीका कार्यक्रम के अधीन कमजोर वर्गों के पशु मलिकों को शतप्रतिशत अनुदान प्रदान करने का विचार रखती है; और

(ख) क्या यह सच है कि अधिकांश निर्धन पशुमलिकों के काफी पशु इन निवारक टीके का अधिक मूल्य होने के कारण मर जाते हैं ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. लेंका) :**

(क) जी, नहीं ।

(ख) जी, नहीं ।

**गुजरात में नकदी फसलों की पैदावार**

2428. **श्री राजूभाई ए. परमार :** क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1991–92 के वर्ष के दौरान गुजरात में नकदी फसलों की पैदावार कितनी हुई थी;

(ख) उक्त अवधि के दौरान नकदी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए गुजरात को कितनी सहायता प्रदान की गई थी; और

(ग) गुजरात में नकदी फसलों की खेती के अधीन और क्षेत्र लाने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) :** (क) 1991–92 के दौरान गुजरात में महत्वपूर्ण नकदी फसलों अर्थात् तिलहनों का उत्पादन 18.11 लाख मीटरी टन, गन्ने का उत्पादन 96.20 लाख मीटरी टन, कपास का उत्पादन 11.19 लाख गांठें (प्रत्येक 170 किलोग्राम की) तथा तम्बाकू का उत्पादन 1.58 लाख मीटरी टन होने का अनुमान है ।

(ख) गुजरात को 1991–92 के दौरान तिलहन उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत 658.75 लाख रुपये तथा गहन कपास विकास कार्यक्रम के लिए 18.66 लाख रुपये की सहायता दी गई थी ।

(ग) सरकारी सहायता का मुख्य अभिबल नकदी फसलों के अंतर्गत आने वाली भूमि की उत्पादकता में एवं

उत्पादन में वृद्धि करने पर रहा है। कृषकों को नकदी फसलों की खेती करने के लिये प्रोत्साहन किये जाने के उद्देश्य से सरकार ने खरीफ में छूटी परती भूमि के उपयोग, अन्तःवर्ती फसल पर बल देने तथा उत्तरवर्ती फसल पद्धति को प्रोत्साहित किया है।

**Fodder banks iu drought prone areas**

2429. DR. NARREDDY THULASI REDDY : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether Government propose to establish Fodder Banks in drought prone areas for providing assured supply of fodder to live stock;

(b) if so, the details thereof ; and

(c) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI MULLAPPALLI RAMACHANDRAN) : (a) to (c) The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

**Settiny up of National Poultry Development Board**

2430. DR. NARREDDY THULASI REDDY :
SHRI P. UPENDRA :

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether Government propose to set up a National Poultry Development board on the lines of the National Dairy Development Board to coordinate various activities in the field of poultry development;

(b) if so, the details theereof ; and by when the Board is likely to be set up; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI K.C. LENKA) : (a) A prposal to set up National Poultry Development Board has been included in the 8th Five year plan.

(b) The details for the establishment of the proposed Board are being worked out.

(c) Does not arise.

**उत्तर प्रदेश में सहकारी भाण्डागार परियोजनाएं**

2431. श्री ईश दत्त यादव : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में यूरोपीयन आर्थिक समुदाय द्वारा सहायता प्राप्त सहकारी भाण्डागार परियोजना के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया गया है;

(ख) उत्तर प्रदेश के किन-किन जिलों में यह सुविधा उपलब्ध करा दी गई है; और

(ग) इसके लिए प्रतिवर्ष कितना लक्ष्य निर्धारित किया गया था और प्रतिवर्ष उस लक्ष्य में कितनी उपलब्धि प्राप्त की गई थी ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा यूरोपीय आर्थिक समुदाय से सहायता प्राप्त कोई भाण्डारण परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं होता।